# जीव-जन्तुओं की निराली दुनिया

---

## पाठ्यपुस्तक के प्रश्न

### सोचिए और बताइए (पेज संख्या-40)

**प्रश्न 1. आप किन-किन चीजों को सँघकर पहचान सकते हो?**

**उत्तर:** हम हींग को, कपूर को, फूलों को, फलों को तथा भोजन को सँघकर पहचान सकते हैं।

**प्रश्न 2. सघन खोजी अभियानों में प्रशिक्षित कुत्तों का उपयोग क्यों किया जाता है?**

**उत्तर:** सघन खोजी अभियानों में प्रशिक्षित कुत्तों का उपयोग इसलिए होता है क्योंकि कुत्तों के सँधने की क्षमता बहुत अधिक होती है।

**प्रश्न 3. चमगादड़ की तरह और कौनसे जानवर रात में देख सकते हैं?**

**उत्तर:** चमगादड़ की तरह उल्लू, बिल्ली, लोमड़ी। और कुत्ते रात में देख सकते हैं।

### सोचिए और बताइए (पेज संख्या-41)

**प्रश्न 1. आप किन-किन वस्तुओं को छूकर पहचान पाए?**

**उत्तर:** हम फूल, साबुन, किताब, चीनी, नमक, दाल, पेन और पेन्सिल आदि को छूकर पहचान पाए।

**प्रश्न 2. आप किन-किन वस्तुओं को चखकर पहचान पाए? ।**

**उत्तर:** हम फल, सब्जी, नमक, चीनी को चखकर पहचान पाए।

**प्रश्न 3. आप किन-किन वस्तुओं को सँघकर पहचान पाए?**

**उत्तर:** हम फूल व फलों को सँघकर पहचान पाए।

**प्रश्न 4. खराब खाने की पहचान कैसे करते हैं?**

**उत्तर:** खराब खाने की पहचान सँघकर व चखकर करते हैं।

## सोचिए और बताइए (पेज संख्या-42)

**प्रश्न 1. आपने शोर होते कहाँ-कहाँ सुना है?**

**उत्तर:** हमने शोर बारातों में, यातायातों में, फैक्ट्री में, बस स्टेण्ड व रेलवे स्टेशन पर तथा समारोहों में सुना है।

**प्रश्न 2. शोर से हमें क्या-क्या परेशानी होती है?**

**उत्तर:** शोर से हमें बातचीत में बाधा आती है। इससे हमारे कान खराब हो जाते हैं तथा मस्तिष्क में दर्द होता है।

**प्रश्न 3. हमें शोर क्यों नहीं करना चाहिए?**

**उत्तर:** शोर करने से ध्वनि प्रदूषण होता है जो हमारी सेहत के लिए हानिकारक है।

## सोचिए और बताइए (पेज संख्या-42)

**प्रश्न 1. आप किन-किन लोगों के कदमों की आवाज पहचान सकते हो?**

**उत्तर:** मैं अपनी माताजी, पिताजी के कदमों की आवाज पहचान सकता हैं।

**प्रश्न 2. विभिन्न प्रकार के जंतु आप देखते हो। किसी-किसी मौसम में ये दिखाई भी नहीं देते हैं। कॉपी में तालिका बनाकर भरिए कि छिपकली, साँप और मेंढक किस मौसम में ज्यादा दिखते हैं?**

**उत्तर:**

| **जन्तु का नाम** | **किस मौसम में दिखाई देता है** |
|---|---|
| छिपकली | बारिश एवं गर्मी के मौसम में |
| साँप | गर्मी एवं बारिश के मौसम में |
| मेंढक | बारिश के मौसम में |

## चर्चा कीजिए (पेज संख्या-42)

**प्रश्न 1. मेंढक बारिश में अधिक क्यों दिखते हैं?**

**उत्तर:** बारिश का मौसम मेंढक के प्रजनन का समय होता है इसलिए बारिश के मौसम वे अधिक दिखते हैं।

**प्रश्न 2. मच्छर अधिक सर्दी में कम क्यों दिखते हैं?**

**उत्तर:** मच्छर अधिक सर्दी में जिन्दा नहीं रह पाते हैं, इसलिए कम दिखते हैं।

## सोचिए और बताइए ( पेज संख्या-43)

**प्रश्न 1. चींटियाँ एक लाइन में ही क्यों चलती हैं?**

**उत्तर:** चींटियाँ चलते समय एक पदार्थ छोड़ती हैं, जिससे पीछे आने वाली चींटियाँ रास्ता पहचानती हैं। इसलिए चींटियाँ एक लाइन में ही चलती हैं।

## पता कीजिए ( पेज संख्या-43)

**प्रश्न 1. आपके आस-पास किन-किन जगहों पर चींटियों के घर अधिक संख्या में हैं?**

**उत्तर:** हमारे आस-पास घर के कोने में, पार्क में, पेड़ों के पास चींटियों के घर अधिक संख्या में हैं।

**प्रश्न 2. भोजन को चींटियों से बचाने के लिए कौन-कौनसे उपाय करते हैं?**

**उत्तर:** भोजन को चींटियों से बचाने के लिए उसे फ्रीज में या बन्द डिब्बों में रखते हैं तथा नमक या नमक के पानी का छिड़काव का उपयोग करते हैं।

## पता कीजिए ( पेज संख्या-44)

**प्रश्न 1. घी, चीनी मिला आटा लेकर चींटियों (कीड़ी नगर ) को खिलाया जाता है, इसी तरह और किन-किन जीवों के खाने की व्यवस्था लोगों द्वारा करते हुए आपने देखा है?**

**उत्तर:** गाय, कुत्ते, मछली और कबूतर आदि जीवों के खाने की व्यवस्था लोगों द्वारा करते हुए हमने देखा

## जाना-समझा, अब बताइए (पेज संख्या-44)


**प्रश्न 1. कॉपी में तालिका बनाकर निम्नलिखित जन्तुओं की विशेषता को लिखिए?**


(1) चिड़िया
(2) मछली
(3) मोर
(4) छिपकली
(5) तितली
(6) मच्छर
(7) कुत्ता


**उत्तर:**


| **क्र.सं.** | **जन्तु के नाम** | **भोजन प्राप्त करने का तरीका** | **चलना/ तैरना /उड़ना** |
|---|---|---|---|
| **1.** | चिड़िया | चुग कर | उड़ना |
| **2.** | मछली | निगल कर | तैरना |
| **3.** | मोर | चुग कर | उड़ना |
| **4.** | छिपकली | झपटकर, निगलकर | चलना |
| **5.** | तितली | फूल का रस चूसकर | उड़ना |
| **6.** | मच्छर | डंक मारकर, सूंड से चूसना | उड़ना |
| **7.** | कुत्ता | मुँह से चबाकर | चलना |

**प्रश्न 2. नीचे कुछ चित्र दिए गए हैं इन्हें पहचान कर इनकी एक-एक विशेषता अपनी कॉपी में लिखिए।**
**उत्तर:**


(1)


(2)


(3)


(4)

| **जन्तु का नाम** | **विशेषता** |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 1. खरगोश | तेज दौड़ता है |
| 2. हाथी | सबसे बड़ा जन्तु |
| 3. तोता | उड़ता है |
| 4. मछली | पानी में तैरती है |

**प्रश्न 3. चमगादड़ रात्रि में किसी वस्तु से बिना टकराए कैसे उड़ता है?**

**उत्तर:** चमगादड़ रात्रि में उड़ते समय उच्च तारत्वे वाली आवाज निकालता है। जो सामने किसी वस्तु से टकरा कर वापस आती है। इस प्रतिध्वनि को सुनकर वह अंधेरे में भी आसानी से उड़ता है।

## अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्न

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**प्रश्न 1. कुत्ता अपने मालिक को पहचान लेता है|**

(अ) सँघकर
(ब) चखकर
(स) बोलकर
(द) छूकर


**उत्तर:** (अ) सँघकर

**प्रश्न 2. अण्डे देने का कार्य कौनसी चींटी करती है**

(अ) सैनिक चींटी
(ब) रानी चींटी
(स) लाल चींटी
(द) काली चींटी

**उत्तर:** (ब) रानी चींटी

**प्रश्न 3. अवलोकन कर बताइए कि सभी दिशाओं में देख सकने वाली आँख कौनसे जीव की होती है**?





**उत्तर:** (द)

**प्रश्न 4. अण्डों की देखभाल कौनसी चींटी करती है?**

(अ) श्रमिक चींटी
(ब) रानी चटी
(स) सैनिक चींटी
(द) कोई नहीं

**उत्तर:** (अ) श्रमिक चींटी

**प्रश्न 5. नीचे दिये चित्रों का अवलोकन कर बताइये कि इनमें से कौनसा जीव नहीं उड़ता है?**




**उत्तर:** (द)

## रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. चमगादड़ ............ में उड़ने वाला जंतु है। (रात/दिन)
2. मनुष्य ........ जीव है। (जलीय/स्थलीय)
3. अण्डों की रक्षा करना और घर की सुरक्षा करना | चींटी का कार्य है। (सैनिक श्रमिक)
4. हमें जीव-जंतुओं के लिए ......... की व्यवस्था करनी चाहिए। ( भोजन/आवास)

**उत्तर:** 1. रात 2. स्थलीय 3. सैनिक 4. भोजन

**सत्य/असत्य कथन बताइये**

(1) चमगादड़ रात्रि में आँखों के सहारे उड़ता है। (सत्य/असत्य)
(2) जीव-जन्तुओं की सँघने, देखने, सुनने आदि की क्षमताएँ अलग-अलग होती है। (सत्य/असत्य)
(3) कुत्ते हल्की सी आहट पर चौकन्ने हो जाते हैं। (सत्य/असत्य)
(4) शोर हमारे लिए लाभदायक है। (सत्य/असत्य)

**उत्तर:** (1) असत्य (2) सत्य (3) सत्य (4) असत्य

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. एक चींटी नगर में कितनी चींटियाँ हो सकती?**

**उत्तर:** लाखों तक।

**प्रश्न 2. कार्य के आधार पर चींटियों को कितने भागों में बाँटा गया है?**

**उत्तर:** तीन भागों में-

- रानी चटी
- सैनिक चींटी तथा
- श्रमिक चींटी।

**प्रश्न 3. एक चींटी नगर में अंडे देने वाली चींटी कौनसी होती है?**

**उत्तर:** रानी चींटी।

**प्रश्न 4. रानी चींटी का क्या काम है?**

**उत्तर:** अण्डे देने का।

**प्रश्न 5. घर की सुरक्षा का कार्य कौनसी चींटी करती है?**

**उत्तर:** सैनिक चींटी।

**प्रश्न 6. मुर्गा कब बाँग देना शुरू कर देता है?**

**उत्तर:** उजाला होते ही।

**प्रश्न 7. ऐसे जानवरों के नाम लिखिये जिनके सिर पर कंपनों को महसूस करने के लिए एण्टीना भी लगे होते हैं ।**

**उत्तर:**

- कॉकरोच
- झींगुर
- तितली

**प्रश्न 8. हमारे कानों के लिए क्या हानिकारक है?**

**उत्तर:** अधिक शोर।

**प्रश्न 9. चींटियाँ कैसे चलती हैं?**

**उत्तर:** लाइन से।

**प्रश्न 10. चींटियों से बचाव में क्या उपयोग होता है?**

**उत्तर:** नमक या नमक के पानी का छिड़काव और कीटनाशक।

**प्रश्न 11. किस मौसम में चींटियाँ अधिक निकलती है?**

**उत्तर:** गर्मी के मौसम में।

**प्रश्न 12. कौन-सा जानवर हल्की सी आहट सुनकर चौंकल्ला हो जाता है?**

**उत्तर:** कुत्ता।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. चींटियाँ रास्ता कैसे पहचान पाती हैं?**

**उत्तर:** चींटियाँ चलते समय एक पदार्थ छोड़ती हैं, जिससे पीछे आने वाली चींटियाँ रास्ता पहचानती हैं।

**प्रश्न 2. चींटी के काटने पर हमें दर्द क्यों होता है?**

**उत्तर:** चींटियाँ जब हमें काटती हैं तो एक विषैले पदार्थ को हमारे शरीर में छोड़ देती हैं जिससे हमें दर्द होता है।

**प्रश्न 3. छिपकलियाँ ठंड के मौसम में क्यों नहीं दिखाई देती हैं?**

**उत्तर:** कुछ जानवर कई महीनों तक सो सकते हैं । वे हमारी तरह हर दिन सो कर फिर नहीं जागते । वे किसी विशेष मौसम में जागते हैं और फिर उस मौसम के आने तक सोए रहते हैं। इसी प्रकार छिपकलियाँ भी ठंड के मौसम में सो जाती हैं और महीनों तक दिखाई नहीं देतीं।

**प्रश्न 4. कुत्ता घर में किसी अनजान व्यक्ति को अंदर क्यों नहीं आने देता?**

**उत्तर:** कुत्ता सँघकर अपने मालिक व अनजान व्यक्ति को पहचान लेता है। इसके कारण वह किसी अनजान व्यक्ति को अंदर नहीं आने देता।

**प्रश्न 5. लोग चींटियों से अपना भोजन बचाकर रखने के लिए क्या-क्या करते हैं?**

**उत्तर:** लोग चींटियों से अपना भोजन बचाकर रखने के लिए उसे फ्रिज में रखते हैं, बंद डिब्बों में रखते हैं, ऊपर छींके पर टांगते हैं, परात में पानी भरकर बीच में भोजन कटोरदान को रख देते हैं आदि।

**प्रश्न 6. मक्खी को हम क्यों नहीं पकड़ पाते हैं?**

**उत्तर:** मक्खी, मच्छर की आँखें विशेष प्रकार की होती हैं। ये हिलती हुई चीजों को देखकर तुरन्त उड़ जाते हैं। मक्खी की आँख कुछ इस प्रकार की होती है कि वह सभी दिशाओं में देख पाती है। इसलिए हम उसे पकड़ नहीं पाते हैं।

**प्रश्न 7. चमगादड़ को रात में कैसे दिखाई देता है?**

**उत्तर:** चमगादड़ रात में उड़ते समय उच्च तारत्व वाली आवाज निकालता है जो सामने किसी वस्तु से टकराकर वापस आती है। इस प्रतिध्वनि को सुनकर वह अंधेरे में भी आसानी से उड़ सकता है।

## निबन्धात्मक प्रश्न।

**प्रश्न 1. चींटियों का घर कैसा होता है? वे अपना कार्य किस प्रकार करती हैं?**

**उत्तर: चीटियों का घर-** चीटियों का घर एक नगर की भाँति होता है। एक चींटी नगर में लाखों तक चीटियाँ हो सकती हैं। ये पेड़ों के नीचे, हमारे घरों की नींव में या दीवारों में जहाँ भी इन्हें सुरक्षित जगह मिले, वहाँ वे अपना घर बनाती हैं। कुछ चीटियाँ पेड़ों के ऊपर और कुछ पत्तियों को जोड़कर भी अपने घर बना लेती हैं

**चीटियों की कार्यप्रणाली-** इन चींटी घरों में तीन तरह की चीटियाँ होती हैं| रानी चींटी, श्रमिक चींटी और सैनिक चींटी।

**(1) रानी चींटी-** हर घर में एक खास चींटी होती है, जिसे रानी चींटी कहते हैं। इसका काम केवल अंडे देना होता है।
**(2) श्रमिक चींटी-** कुछ चीटियाँ खाना हूँढना, अण्डों की देखभाल करना और घर बनाना जैसे काम करती हैं।
**(3) सैनिक चींटी-** सैनिक चीटियाँ अण्डों व घर की रखवाली करती हैं।

इस प्रकार सभी चीटियाँ अपने घर के लिए मिलजुलकर काम करती हैं क्योंकि केवल एक चींटी सभी काम नहीं कर सकती।